भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

26.06.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 778 का उत्तर

झांसी में सड़क उपरिपुल का निर्माण

778. श्री अनुराग शर्मा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) झांसी शहर में प्रस्तावित सिपरी बाजार सड़क उपरिपुल के निर्माण के कब तक पूरे होने की संभावना है;

(ख) क्या राज्य सरकार ने उक्त उपरिपुल के निर्माण के लिए समय पर निधि प्रदान की है;

(ग) क्या इस हेतु 'सेल' द्वारा आवश्यक सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): यह राज्य सरकार का निक्षेप कार्य है। रेलवे वाले भाग में कार्य का निष्पादन रेलवे द्वारा किया जाना है। रेलवे वाले भाग के लिए पूर्व के ठेका को ठेकेदार की घटिया निष्पादन के कारण रद्द कर दिया गया था। शेष कार्य के लिए नई निविदा 28.06.2019 को खोली जाएगी। ठेका प्रदान करने के पश्चात निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

जहां तक राज्य सरकार से निधि की उपलब्धता का संबंध है, यह उनके द्वारा मई, 2018 में मुहैया कराया गया था।

ठेकेदार ने अभ्यावेदन दिया है कि भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) गर्डरों की फेब्रीकेशन के लिए अपेक्षित इस्पात प्लेट उन्हें मुहैया नहीं करा रहा है। जब रेलवे द्वारा सेल से संपर्क किया गया, तो सेल ने सूचित किया कि आईएस 2062 ई250 बीओ ग्रेड स्टील प्लेट अपेक्षित आकार में उपलब्ध नहीं है और उन्हें इसके उत्पादन के लिए 100% रोड डिस्पैच

बेसिस पर संयंत्र में उत्पादन के लिए योजना बनाने है। रोड डिस्पैच के तहत सामग्री की बुकिंग के लिए, खरीदकर्ता को ऑर्डर मूल्य का 25% जमा करना अपेक्षित था।

सेल के अनुसार, ठेकेदार ने केवल आंशिक सप्लाई लिया था और सेल के पास ऑर्डर मूल्य का अपेक्षित मूल्य जमा नहीं किया था। ठेकेदार की विफलता के कारण ठेका को रद्द कर दिया गया है।

****

mm